रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 08/01/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** जब किसी वस्तु को अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र (C) से परे रखा जाता है, तो किस प्रकार का प्रतिबिंब बनता है?

Ans
- ✗ A. आभासी, सीधा और वस्तु से बड़ा
- ✗ B. आभासी, उल्टा और वस्तु से बड़ा
- ✓ C. वास्तविक, उल्टा और वस्तु से छोटा
- ✗ D. वास्तविक, सीधा और वस्तु के समान आकार का

**Q.2** जब हमारी त्वचा से पसीना (sweat) वाष्पित होता है, तो हमें ठंडक का अनुभव किस कारण होता है?

Ans
- ✗ A. वाष्पन के दौरान पसीना ऊष्मा मुक्त करता है।
- ✗ B. पसीने से क्रिस्टल बनते हैं जो त्वचा को ठंडा करते हैं।
- ✓ C. वाष्पन के लिए पसीना हमारी त्वचा से ऊष्मा अवशोषित करता है।
- ✗ D. वाष्पन से पूर्व पसीना बर्फ में बदल जाता है।

**Q.3** चंद्रमा पर किसी वस्तु का भार पृथ्वी पर उसके भार की तुलना में कैसा होता है?

Ans
- ✓ A. यह पृथ्वी पर इसके भार का छठा भाग होता है।
- ✗ B. यह पृथ्वी पर इसके भार का छह गुना होता है।
- ✗ C. यह पृथ्वी पर इसके भार का एक तिहाई होता है।
- ✗ D. यह पृथ्वी पर भी वैसा ही होता है।

**Q.4** हम बैठे या सोते समय भी श्वास क्यों लेते रहते हैं?

Ans
- ✗ A. हृदय को विश्राम देने के लिए
- ✓ B. जीवन प्रक्रियाओं हेतु ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए
- ✗ C. श्वसन क्रियाएँ करने के लिए
- ✗ D. पाचन क्रिया को जारी रखने के लिए

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा एकसमान वृत्तीय गति कर रही वस्तु का उदाहरण है?

Ans
- ✗ A. सीधी पटरी पर अलग-अलग चाल से चलती एक रेलगाड़ी
- ✓ B. एकसमान चाल से पृथ्वी की परिक्रमा करता एक उपग्रह
- ✗ C. भीड़-भाड़ वाली सड़क पर चलती एक कार
- ✗ D. पार्क में जॉगिंग करता एक व्यक्ति

| Q.6 | 20 Ω के प्रतिरोधक पर 40 V का विभवान्तर प्रयुक्त करने पर उसमें कितनी धारा प्रवाहित होगी? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 2 A |
| | ✗ B. 5 A |
| | ✗ C. 1/5 A |
| | ✗ D. 1/2 A |

| Q.7 | प्रजनन स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित यौन संबंध बनाना क्यों महत्वपूर्ण है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यह गर्भावस्था की गारंटी देता है |
| | ✗ B. यह प्रजनन क्षमता बढ़ाता है |
| | ✔ C. यह HIV-AIDS जैसे यौन संचारित रोगों से बचाता है |
| | ✗ D. यह शरीर में हार्मोनल संतुलन सुनिश्चित करता है |

| Q.8 | एथेनॉल की सोडियम के साथ अभिक्रिया होने पर किस प्रकार की गैस मुक्त होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कार्बन डाइऑक्साइड |
| | ✔ B. हाइड्रोजन |
| | ✗ C. ऑक्सीजन |
| | ✗ D. मेथेन |

| Q.9 | अधात्विक ऑक्साइड और क्षार के बीच अभिक्रिया का सामान्य उत्पाद क्या है/हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. लवण और हाइड्रोजन |
| | ✔ B. लवण और जल |
| | ✗ C. केवल जल |
| | ✗ D. गैस और जल |

| Q.10 | गैस के कणों की निरंतर अनियमित गति के कारण, कण पात्र की दीवारों से टकराते हैं। गैस द्वारा लगाया गया दाब, ___________ के बराबर होता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पात्र के तल के प्रति इकाई क्षेत्रफल पर गैस के कणों द्वारा लगाए गए बल |
| | ✗ B. गैस के कणों द्वारा पात्र की दीवारों पर लगाए गए बल |
| | ✔ C. पात्र की दीवारों पर प्रति इकाई क्षेत्रफल पर गैस के कणों द्वारा लगाए गए बल |
| | ✗ D. पात्र के प्रति इकाई आयतन पर गैस के कणों द्वारा लगाए गए बल |

| Q.11 | 20 m की ऊंचाई पर रखे गए 30 kg द्रव्यमान के ब्लॉक की स्थितिज ऊर्जा कितनी होगी?<br>(g का मान = 10 $m/s^2$ लीजिए) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 60 J |
| | ✔ B. 6000 J |
| | ✗ C. 6 J |
| | ✗ D. 600 J |

| Q.12 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ध्वनि द्रवों की तुलना में गैसों में मंद गति से चलती है। |
| | ✗ B. ध्वनि वायु की तुलना में जल में तेजी से चलती है। |
| | ✗ C. ध्वनि ठोस पदार्थों में सबसे तेज चलती है। |
| | ✔ D. ध्वनि निर्वात में भी चल सकती है। |

| Q.13 | मनुष्यों जैसे बहुकोशिकीय जीवों में, पाचन _________ में होती है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केन्द्रक (nucleus) |
| | ✓ B. विशिष्ट पाचक अंगों (specialised digestive organs) |
| | ✗ C. खाद्य रसधानियों (food vacuoles) |
| | ✗ D. संपूर्ण कोशिका सतह (entire cell surface) |

| Q.14 | पादप कोशिका भित्ति का मुख्य संरचनात्मक घटक क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. काइटिन (Chitin) |
| | ✗ B. पेप्टीडोग्लाइकन (Peptidoglycan) |
| | ✗ C. कोलैजन (Collagen) |
| | ✓ D. सेल्यूलोज (Cellulose) |

| Q.15 | निम्नलिखित में से कौन-सा, हमारे शरीर के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र का भाग है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. आमाशय |
| | ✓ B. मेरुरज्जु |
| | ✗ C. अग्न्याशय |
| | ✗ D. यकृत |

| Q.16 | निम्नलिखित में से क्या घरेलू सर्किट में आमतौर पर श्रेणीक्रम में जुड़ा होता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बिजली का बल्ब |
| | ✗ B. सभी उपकरण |
| | ✗ C. पंखा |
| | ✓ D. मुख्य फ्यूज |

| Q.17 | एक किसान अपनी फसल से प्राप्त अनाज को नमी तथा गर्मी वाले एक कमरे में भंडारित करता है। कुछ सप्ताह बाद अनाज खराब हो जाता है और उसकी मात्रा कम हो जाती है। इसका सबसे संभावित कारण क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अनाज पक्षियों और कीटों द्वारा खा लिया गया |
| | ✗ B. कटाई से पूर्व अपर्याप्त सिंचाई |
| | ✗ C. अनाज जल में बह गया |
| | ✓ D. भंडारण की अनुचित परिस्थितियां |

| Q.18 | कौन-सा शब्द ठोस पदार्थों में कणों की निकटता का वर्णन करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. घनत्व |
| | ✗ B. दृढ़ता |
| | ✗ C. संपीड्यता |
| | ✓ D. अंतर-कण स्थान |

| Q.19 | मुख्य अक्ष पर वह बिंदु जहाँ मुख्य अक्ष के समानांतर किरणें दर्पण से परावर्तन के बाद अभिसरित होती हैं (या अपसरित होती हुई प्रतीत होती हैं), निम्नलिखित में से क्या कहलाता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. मुख्य फोकस |
| | ✗ B. द्वारक |
| | ✗ C. वक्रता केंद्र |
| | ✗ D. ध्रुव |

**Q.20** अनुकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों में बीज से नए पौधे के उद्भव को ________ कहा जाता है।

**Ans**

✗ A. प्रकाश संश्लेषण

✗ B. निषेचन

✓ C. अंकुरण

✗ D. परागण

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे छोटा ऐल्केन है, जो एक स्थिर वलय बना सकता है?

**Ans**

✗ A. प्रोपेन (Propane)

✓ B. साइक्लोप्रोपेन (Cyclopropane)

✗ C. एथेन (Ethane)

✗ D. मेथेन (Methane)

**Q.22** निम्नलिखित पदार्थों और उनके आयनों का मिलान करें।

| स्तंभ A (पदार्थ) | स्तंभ B (उत्पादित आयन) |
|---|---|
| A. HCl | 1. $H_3O^+$ और $Cl^-$ |
| B. NaOH | 2. $Na^+$ और $OH^-$ |
| C. KOH | 3. $K^+$ और $OH^-$ |
| D. $Mg(OH)_2$ | 4. $Mg^{2+}$ और $2OH^-$ |

**Ans**

✗ A. A-4; B-3; C-2; D-1

✓ B. A-1; B-2; C-3; D-4

✗ C. A-2; B-1; C-4; D-3

✗ D. A-3; B-4; C-1; D-2

**Q.23** यदि तय की गई दूरी आधी कर दी जाए तथा समय समान रहे, तो रैखिक वेग _________ है।

**Ans**

✗ A. दोगुना हो जाता

✗ B. समान बना रहता

✗ C. शून्य हो जाता

✓ D. आधा हो जाता

**Q.24** वृषणों का उदर गुहा के बाहर वृषणकोश में स्थित होने का मुख्य कारण क्या है?

**Ans**

✓ A. शुक्राणु निर्माण को सुगम बनाने के लिए क्योंकि इसके लिए शरीर के तापमान से कम तापमान की आवश्यकता होती है

✗ B. शुक्राणु और मूत्र का उचित मिश्रण सुनिश्चित करने के लिए

✗ C. संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए

✗ D. हार्मोन स्राव को आसान बनाने के लिए

**Q.25** असंतृप्त कार्बन, संतृप्त कार्बन यौगिकों की तुलना में _______ होते हैं।

**Ans**

✗ A. कम अभिक्रियाशील

✗ B. अधिक संतृप्त

✗ C. बराबर अभिक्रियाशील

✓ D. अधिक अभिक्रियाशील

Section : **Mathematics**

| | | |
|---|---|---|
| Q.26 | एक वर्ग का क्षेत्रफल 15.21 $cm^2$ है। इस वर्ग का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 13.8 | |
| | ✓ B. 15.6 | |
| | ✗ C. 12.4 | |
| | ✗ D. 16.5 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.27 | एक चुनाव में, कुल मतदाताओं में से 70% मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें से, 60% मतदाताओं ने उम्मीदवार X को, और शेष मतदाताओं ने उम्मीदवार Y को अपना मत दिया। यदि उम्मीदवार Y को 8400 मत मिले, तो पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 25,000 | |
| | ✗ B. 40,000 | |
| | ✓ C. 30,000 | |
| | ✗ D. 32,000 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.28 | वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 1005, 244 और 1343 को विभाजित करने पर क्रमशः 5, 4 और 3 शेषफल प्राप्त होता है। | |
| Ans | ✗ A. 25 | |
| | ✓ B. 20 | |
| | ✗ C. 30 | |
| | ✗ D. 15 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.29 | एक खुदरा विक्रेता खरीदारों को एक वस्तु पर दी गई छूट स्कीमें प्रदान करता है। निम्नलिखित में से कौन-सी स्कीम ग्राहक के लिए सबसे कम लाभदायक होगी?<br><br>i. 34% की छूट<br>ii. 37% की छूट के बाद 8% की छूट<br>iii. 7% और 27% की क्रमिक छूटें | |
| Ans | ✗ A. स्कीम ii | |
| | ✗ B. स्कीम ii और स्कीम iii दोनों | |
| | ✗ C. स्कीम i | |
| | ✓ D. स्कीम iii | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.30 | P और Q मिलकर किसी टंकी को 6 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले उसी टंकी को 12 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी के एक-चौथाई भाग को कितने घंटे में पानी से भरेगा? | |
| Ans | ✗ A. 4 | |
| | ✗ B. 6 | |
| | ✗ C. 7 | |
| | ✓ D. 3 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.31 | एक टैंक में तीन पाइप हैं: A, B और C हैं। पाइप A टैंक को 4 घंटे में भरता है, पाइप B इसे 6 घंटे में भरता है और पाइप C इसे 12 घंटे में खाली करता है। यदि तीनों पाइपों को बारी-बारी से 1 घंटे के लिए खोला जाए (पहले A, फिर B, फिर C), तो टैंक को भरने में कितना समय लगेगा? | |
| Ans | ✗ A.<br>11 घंटे | |
| | ✗ B.<br>9 घंटे | |
| | ✗ C. $10\frac{2}{3}$ घंटे | |
| | ✓ D. $7\frac{1}{2}$ घंटे | |

**Q.32** ₹1,800 के मूलधन पर 10% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹2,506
- ✓ B. ₹2,178
- ✗ C. ₹2,820
- ✗ D. ₹3,118

**Q.33** $\sqrt{\sqrt{24^2 - 16^2 + 2^2} + \sqrt{2^2 \times 3^2 + \sqrt{169}}}$ को सरल करें।

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✗ C. 7
- ✓ D. 5

**Q.34** एक स्टोर घरेलू सामानों पर '5 खरीदें, 16 मुफ़्त पाएँ' ऑफर दे रहा है। स्टोर द्वारा दी जा रही शुद्ध छूट (लगभग) का प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ A. 78.42%
- ✗ B. 74.52%
- ✗ C. 74.24%
- ✓ D. 76.19%

**Q.35** यदि एक गोले की त्रिज्या में 25% की वृद्धि की जाए, तो इसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 42.36%
- ✓ B. 56.25%
- ✗ C. 50.48%
- ✗ D. 38.15%

**Q.36** निम्नलिखित डेटा का बहुलक कितना है?

55, 45, 44, 48, 42, 45, 52, 53, 42, 50, 54, 49, 52, 45, 47, 43, 45, 48

Ans
- ✓ A. 45
- ✗ B. 44
- ✗ C. 48
- ✗ D. 55

**Q.37** यदि 25, 29, 25, 32, 24 और x का माध्य 26 है, तो डेटा की माध्यिका कितनी है?

Ans
- ✗ A. 29
- ✓ B. 25
- ✗ C. 24
- ✗ D. 27

**Q.38** एक व्यक्ति अपनी आय का 50% बचत करता है। यदि उसका व्यय ₹360 है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 800
- ✗ B. 180
- ✗ C. 760
- ✓ D. 720

| Q.39 | एक व्यक्ति अपनी यात्रा की आधी दूरी को 60 km/h की चाल से और आधी दूरी को 30 km/h की चाल से तय करता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 45 km/h |
| | ✗ B. 55 km/h |
| | ✗ C. 50 km/h |
| | ✓ D. 40 km/h |

| Q.40 | 1 घंटे तक 70 km/hr और $1\frac{1}{2}$ घंटे तक 'p' km/hr की चाल से चलने वाली एक कार की औसत चाल 58 km/hr है। p का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 67.5 |
| | ✗ B. 70 |
| | ✓ C. 50 |
| | ✗ D. 62.5 |

| Q.41 | एक टोकरी में आम और संतरे मिलाकर 96 फल हैं। यदि संतरों की तुलना में आम 48 अधिक हैं, तो कुल कितने आम हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 72 |
| | ✗ B. 64 |
| | ✗ C. 88 |
| | ✗ D. 96 |

| Q.42 | $\frac{9.73\times9.73\times9.73+7.27\times7.27\times7.27}{9.73\times9.73-9.73\times7.27+7.27\times7.27}$ को हल करें। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 18 |
| | ✓ B. 17 |
| | ✗ C. 16 |
| | ✗ D. 15 |

| Q.43 | $\sec^2 50° - \tan^2 50°$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2 |
| | ✗ B. 0 |
| | ✓ C. 1 |
| | ✗ D. 0.5 |

| Q.44 | 38 घंटे का 2 दिन से अनुपात इनमें से किसके बराबर है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 12:19 |
| | ✓ B. 19:24 |
| | ✗ C. 22:27 |
| | ✗ D. 21:27 |

| Q.45 | यदि संख्या 2X73Y5, संख्या 11 से विभाज्य है, तो (X−Y) का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 1 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✗ C. 5 |
| | ✗ D. 6 |

| Q.46 | यदि किसी संख्या के $\frac{4}{7}$ के 20% का 10%, 648 है। तो वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 57140 |
| | ✗ B. 60230 |
| | ✓ C. 56700 |
| | ✗ D. 57580 |

| Q.47 | एक माता अपनी पुत्री से 25 वर्ष बड़ी है। 15 वर्ष बाद, माता की उम्र पुत्री की उम्र से दोगुनी हो जाएगी। पुत्री की वर्तमान उम्र ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 20 वर्ष |
| | ✗ B. 25 वर्ष |
| | ✓ C. 10 वर्ष |
| | ✗ D. 35 वर्ष |

| Q.48 | △ABC में, बिंदु D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 65° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 30° है। ∠AEB की माप कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 53° |
| | ✗ B. 56° |
| | ✗ C. 50° |
| | ✓ D. 55° |

| Q.49 | पूनम ने मोहिनी को एक किताब 5% की हानि पर बेची और मोहिनी ने उसे रूपशी को 8% के लाभ पर बेचा। यदि रूपशी ने किताब ₹1,539 में खरीदी, तो पूनम के लिए किताब का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1,600 |
| | ✗ B. 1,650 |
| | ✓ C. 1,500 |
| | ✗ D. 1,550 |

| Q.50 | यदि 896 केले तीन बंदरों में, $\frac{4}{6} : \frac{2}{2} : \frac{2}{2}$ के अनुपात में वितरित किए गए, तो तीसरे बंदर को कितने केले मिले? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 334 |
| | ✓ B. 336 |
| | ✗ C. 338 |
| | ✗ D. 335 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, D के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। F, A का निकटतम पड़ोसी है। B, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। C, E के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। A के सापेक्ष C का स्थान क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दाईं ओर ठीक पड़ोस में |
| | ✗ B. बाएं से दूसरा |
| | ✗ C. बाएं से तीसरा |
| | ✓ D. दाएं से दूसरा |

| Q.52 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. LP - KO |
| | ✗ B. IM - HL |
| | ✗ C. MQ - LP |
| | ✓ D. OS - NS |

| Q.53 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाएं से गिनने पर E और A के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B, C के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। D, F के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। B, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। G, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के दाएं से गिनने पर C और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 1 |
| | ✗ B. 2 |
| | ✗ C. 3 |
| | ✗ D. 4 |

| Q.54 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>और A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'K-T+RxZ&V' है, तो K का V से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पिता |
| | ✗ B. पति |
| | ✗ C. पुत्र |
| | ✓ D. भाई |

| Q.55 | यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>96 + 15 ÷ 5 − 154 × 14 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 32 |
| | ✗ B. 29 |
| | ✗ C. 34 |
| | ✗ D. 30 |

| Q.56 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)।<br><br>(बाएं) 2 4 5 7 1 9 3 6 8 4 7 2 5 9 3 1 8 6 2 4 7 9 (दाएं)<br><br>श्रृंखला में कितनी अद्वितीय संख्याएं 5 से छोटी हैं (प्रत्येक संख्या को केवल एक बार गिना जाना है, चाहे वह कितनी भी बार दोहराई गई हो)? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✓ C. चार |
| | ✗ D. दो |

| Q.57 | JPUG एक निश्चित तरीके से OLXE से संबंधित है। उसी प्रकार, TMQK, YITI से संबंधित है। समान तर्क के अनुसार, NOLT निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. TJPQ |
| | ✗ B. SKPR |
| | ✗ C. TJOQ |
| | ✓ D. SKOR |

| Q.58 | एक निश्चित कूट भाषा में, VERL को 102 के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा GZQT को 76 के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में BXNO के लिए कूट क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 89 |
| | ✗ B. 110 |
| | ✓ C. 106 |
| | ✗ D. 96 |

| Q.59 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ क्रोमियम, गैलियम हैं।<br>कोई गैलियम, गोल्ड नहीं है।<br>सभी गोल्ड, स्टील हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>I: कुछ गोल्ड, गैलियम हैं।<br>II: कुछ गैलियम, स्टील हैं। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |

| Q.60 | निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 4 © 7 # 3 $ 7 6 4 £ 8 $ 2 * £ & $ # % 1 * 2 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक प्रतीक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 0 |
| | ✓ B. 1 |
| | ✗ C. 2 |
| | ✗ D. 3 |

| Q.61 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>YVW 58 VST 69 SPQ 80 PMN 91 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. MIJ 101 |
| | ✓ B. MJK 102 |
| | ✗ C. MRX 101 |
| | ✗ D. MKJ 102 |

| Q.62 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>5 8 14 26 ? 98 |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 50 |
| | ✗ B. 45 |
| | ✗ C. 51 |
| | ✗ D. 49 |

| Q.63 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>FRU HTW JVY LXA ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. NDS |
| | ✗ B. NZS |
| | ✗ C. NCZ |
| | ✔ D. NZC |

| Q.64 | उस सेट का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार से निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(25, 37, 53)<br>(40, 52, 68) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (9, 21, 33) |
| | ✗ B. (32, 44, 28) |
| | ✗ C. (39, 27, 43) |
| | ✔ D. (26, 38, 54) |

| Q.65 | यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 351 369 458 517 619 (दाएं)<br>(उदाहरण: 697 में - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7 है)<br>(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो प्राप्त परिणाम कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✔ C. 6 |
| | ✗ D. 7 |

| Q.66 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन,सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी हथौड़ा, स्क्रूड्राइवर हैं।<br>कोई भी स्क्रूड्राइवर, रिंच नहीं है।<br>कुछ रिंच, प्लायर हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कोई भी हथौड़ा, रिंच नहीं है।<br>(II): कोई भी प्लायर, स्क्रूड्राइवर नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) सत्य है |
| | ✔ B. केवल निष्कर्ष (I) सत्य है |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों सत्य हैं |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) सत्य है |

| | |
|---|---|
| Q.67 | उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>ELP : CJN<br>IQW : GOU |
| Ans | ✗ A. NRT : FSE |
| | ✓ B. HWZ : FUX |
| | ✗ C. BTS : AWP |
| | ✗ D. BTD : VRY |

| | |
|---|---|
| Q.68 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'nice large land' को 'cd ak pi' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'land is fertile' को 'rf pc ak' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'cost is high' को 'si ig pc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'fertile' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
| Ans | ✓ A. rf |
| | ✗ B. cd |
| | ✗ C. pc |
| | ✗ D. ak |

| | |
|---|---|
| Q.69 | सात डिब्बे L, M, N, O, Q, R और S एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में हों। M को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। M और N के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। M और S के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं जहाँ S को M के ऊपर रखा गया है। L को S के ठीक नीचे रखा गया है। Q को O के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। R को M के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। O के नीचे कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
| Ans | ✓ A. एक भी नहीं |
| | ✗ B. एक |
| | ✗ C. तीन |
| | ✗ D. दो |

| | |
|---|---|
| Q.70 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. MJ–LI |
| | ✗ B. XU–WT |
| | ✓ C. HE–FF |
| | ✗ D. OL–NK |

| | |
|---|---|
| Q.71 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>9 B 3 D 56 A 4 C 6 = ? |
| Ans | ✗ A. 24 |
| | ✓ B. 19 |
| | ✗ C. 27 |
| | ✗ D. 15 |

| | |
|---|---|
| Q.72 | सात डिब्बे D, E, F, U, V, W और X एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल U को D के ऊपर रखा गया है। D और F के बीच केवल V को रखा गया है। E के नीचे कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। D और W के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। X और E के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✗ B. दो |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.73 | एक निश्चित तर्क के अनुसार, TM 13 का संबंध WR 16 से है। उसी तर्क के अनुसार, MF 18 का संबंध PK 21 से है। समान तर्क के अनुसार, QJ 26 दिए गए विकल्पों में किससे संबंधित है? |
| Ans | ✗ A. TM 28 |
| | ✗ B. UM 28 |
| | ✓ C. TO 29 |
| | ✗ D. UP 29 |

| | |
|---|---|
| Q.74 | यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>20 × 2 ÷ 2 − 3 + 7 = ? |
| Ans | ✓ A. 9 |
| | ✗ B. 11 |
| | ✗ C. 5 |
| | ✗ D. 14 |

| | |
|---|---|
| Q.75 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>34 44 57 73 92 ? |
| Ans | ✗ A. 118 |
| | ✓ B. 114 |
| | ✗ C. 116 |
| | ✗ D. 112 |

| | |
|---|---|
| Q.76 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>57 67 82 102 127 ? |
| Ans | ✓ A. 157 |
| | ✗ B. 159 |
| | ✗ C. 158 |
| | ✗ D. 156 |

| | |
|---|---|
| Q.77 | सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। G और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। C के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✓ C. 1 |
| | ✗ D. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.78 | बिल्डिंग X, बिल्डिंग Y के दक्षिण में है और बिल्डिंग Z, बिल्डिंग Y के पूर्व में है। बिल्डिंग Z के सन्दर्भ में बिल्डिंग X किस दिशा में स्थित है? |
| Ans | ✗ A. उत्तर-पश्चिम |
| | ✓ B. दक्षिण-पश्चिम |
| | ✗ C. उत्तर-पूर्व |
| | ✗ D. दक्षिण-पूर्व |

| Q.79 | निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)।<br><br>(बाएं) 3 6 8 9 1 5 7 3 2 4 6 1 9 7 8 2 5 3 9 6 1 4 2 7 (दाएं)<br><br>शृंखला में कितने अद्वितीय सम अंक हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं |
| | ✗ B. दो |
| | ✔ C. चार |
| | ✗ D. तीन |

| Q.80 | तरुण बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 65 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 42 km ड्राइव करता है, बाएँ मुड़ता है और 78 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 71 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है, 13 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 26 km, दक्षिण में |
| | ✗ B. 27 km, दक्षिण में |
| | ✔ C. 29 km, उत्तर में |
| | ✗ D. 28 km, उत्तर में |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | मार्च 2025 में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ___________ में जलवायु परिवर्तन से संबंधित राष्ट्रीय अनुकूलन योजना के बारे में एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित की। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बेंगलुरु |
| | ✗ B. लखनऊ |
| | ✔ C. नई दिल्ली |
| | ✗ D. मुंबई |

| Q.82 | अप्रैल 2024 में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वर्ष _____ तक मलबा मुक्त अंतरिक्ष मिशन हासिल करने की घोषणा की। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 2030 |
| | ✗ B. 2035 |
| | ✗ C. 2028 |
| | ✗ D. 2032 |

| Q.83 | केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, नई आयकर व्यवस्था के तहत कर-मुक्त आय सीमा क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹13 लाख |
| | ✗ B. ₹15 लाख |
| | ✗ C. ₹10 लाख |
| | ✔ D. ₹12 लाख |

| Q.84 | 2024 ओलंपिक में क्लीन एंड जर्क में 224 kg भार उठाकर पुरुषों की 89 kg भारोत्तोलन श्रेणी में नया विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अकबर जुराएव |
| | ✗ B. साइमन मार्टिरोस्यान |
| | ✗ C. ली फैबिन |
| | ✔ D. कार्लोस नासर |

| Q.85 | निम्नलिखित में से कौन-सी एक ड्रोन-लॉन्च की जाने वाली सटीक-निर्देशित मिसाइल है जिसका रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा जुलाई 2025 में आंध्र प्रदेश के एक परीक्षण रेंज में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अग्नि-P |
| | ✓ B. ULPGM-V3 |
| | ✗ C. एस्ट्रा Mk-II |
| | ✗ D. निर्भय-V3 |

| Q.86 | जून 2025 में G7 शिखर सम्मेलन किस कनाडाई प्रांत में आयोजित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. सस्केचेवान |
| | ✗ B. ओंटारियो |
| | ✗ C. ब्रिटिश कोलंबिया |
| | ✓ D. अल्बर्टा |

| Q.87 | हाल ही में जनवरी 2025 में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI) एथलीट आयोग के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पी.टी. उषा |
| | ✓ B. अंजू बॉबी जॉर्ज |
| | ✗ C. नीरज चोपड़ा |
| | ✗ D. सौरव गांगुली |

| Q.88 | नवंबर 2025 में, निम्नलिखित में से किस सरकारी निकाय ने दिल्ली की बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर गंभीर चिंता व्यक्त की, यह कहते हुए कि मास्क पहनना भी अप्रभावी हो गया है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. भारत का सर्वोच्च न्यायालय |
| | ✗ B. गृह मंत्रालय |
| | ✗ C. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय |
| | ✗ D. दिल्ली उच्च न्यायालय |

| Q.89 | केरल के किस वन क्षेत्र में कीट-विज्ञानियों की एक टीम द्वारा 2025 में पहली बार शलभ (moth) की सात नई प्रजातियों को दर्ज किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. रानीपुरम वन (Ranipuram forest) |
| | ✗ B. वायनाड वन्यजीव अभयारण्य (Wayanad Wildlife Sanctuary) |
| | ✗ C. साइलेंट वैली (Silent Valley) |
| | ✗ D. पेरियार टाइगर रिजर्व (Periyar Tiger Reserve) |

| Q.90 | जून 2025 में किस संस्थान के शोधकर्ताओं ने pH-उत्तरदायी चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए स्मार्ट पेप्टाइड विकसित किए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. IIT दिल्ली |
| | ✗ B. IIT गुवाहाटी |
| | ✓ C. BIT मेसरा |
| | ✗ D. BITS पिलानी |

| Q.91 | जनवरी 2025 में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में विमोचित 'ज्ञान सीपियां: पर्ल्स ऑफ विजडम, किसने लिखी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. जावेद अख्तर |
| | ✗ B. सुधा मूर्ति |
| | ✗ C. हर्ष देहेजिया |
| | ✗ D. बेनॉय के. बहल |

| Q.92 | नवंबर 2025 में, नए श्रम सुधारों के तहत बीड़ी और सिगार श्रमिकों (beedi and cigar workers) के लिए कौन-सा प्रमुख श्रम लाभ सुनिश्चित किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. श्रमिक संरक्षण योजना (Labour Protection Scheme) |
| | ✗ B. रोजगार सुरक्षा संहिता (Employment Safety Code) |
| | ✗ C. श्रमिक कल्याण अधिनियम (Worker Welfare Act) |
| | ✓ D. न्यूनतम वेतन गारंटी (Minimum Wage Guarantee) |

| Q.93 | फरवरी 2025 में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों में हाथ से मैला उठाने (manual scavenging) को किन संवैधानिक अनुच्छेदों के उल्लंघन के रूप में जोड़ा गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अनुच्छेद 12 और 20 |
| | ✗ B. अनुच्छेद 22 और 32 |
| | ✗ C. अनुच्छेद 15 और 16 |
| | ✓ D. अनुच्छेद 17 और 21 |

| Q.94 | ठाणे से पहली बार सांसद बने किस व्यक्ति को 2025 में संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. राहुल शेवाले |
| | ✓ B. नरेश म्हास्के |
| | ✗ C. डॉ. वर्षा गायकवाड़ |
| | ✗ D. अरविंद सावंत |

| Q.95 | नवंबर 2025 में, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने दिल्ली-NCR में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) के चरण-II को लागू किया। यह चरण किस वायु गुणवत्ता श्रेणी और AQI सीमा के अनुरूप है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. गंभीर (AQI 401-450) |
| | ✗ B. गंभीर + (AQI 451 और उससे अधिक) |
| | ✗ C. खराब (AQI 201-300) |
| | ✓ D. बहुत खराब (AQI 301-400) |

| Q.96 | निम्नलिखित में से किस संगठन का मुख्य उद्देश्य सामूहिक रक्षा है, जहां एक सदस्य पर हमला सभी पर हमला माना जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) |
| | ✗ B. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) |
| | ✗ C. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) |
| | ✗ D. विश्व व्यापार संगठन (WTO) |

| Q.97 | जून 2025 में आंध्र प्रदेश के किस स्थान पर ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर निगम (GVMC) द्वारा विकसित राजीव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. द्वारका नगर |
| | ✓ B. गजुवाका |
| | ✗ C. उत्तम नगर |
| | ✗ D. कोल्लम |

| Q.98 | राष्ट्रीय ऑटोमोबाइल ओलंपियाड, 2025 को लॉन्च करने के लिए किस संगठन ने CBSE के साथ साझेदारी की? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद (Automotive Skills Development Council) |
| | ✗ B. कौशल भारत मिशन (Skill India Mission) |
| | ✗ C. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (National Skill Development Corporation) |
| | ✗ D. नीति आयोग (NITI Aayog) |

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने मई 2025 में अरुणाचल प्रदेश के किस जिले में एक नए बहुउद्देश्यीय खेलो इंडिया हॉल का उद्घाटन किया? | |
| Ans | ✔ A. कामले जिला | |
| | ✗ B. पूर्वी सियांग जिला | |
| | ✗ C. निचला सुबनसिरी जिला | |
| | ✗ D. पापुम पारे जिला | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसने बीमा क्षेत्र में नवाचार का समर्थन करने के लिए अपने सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क का विस्तार किया? | |
| Ans | ✗ A. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) | |
| | ✔ B. भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) | |
| | ✗ C. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) | |
| | ✗ D. कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय (MCA) | |

"